Total No. of Printed Pages : 4 **2019** **12(NS)8003(01)**

# HINDI – A

## ( New Syllabus )

## PART-A

Total Time : 3 Hours 15 minutes ] [ Total Marks : 80

| *Instructions to the Candidates :* |
| --- |
| 1. *Special credit will be given for answers which are brief and to the point.* |
| 2. *Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.* |
| 3. *Figures in the margin indicate full marks for the questions.* |

**PART - A**

**( Marks : 50 )**

1. प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए। किसी **एक** खण्ड के दोनों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। 5 × 2 = 10

**खण्ड – क**

(i) "कुटज अपराजेय जीवनी – शक्ति की घोषणा करता है।" — इस कथ्य को प्रमाणित कीजिए।

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"काव्य एक सांस्कृतिक प्रक्रिया है — मात्र व्यक्तिगत नहीं।"

**खण्ड – ख**

(i) 'मलबे का मालिक' कहानी में मानवीय मूल्यों का विघटन उजागर होता है — स्पष्ट कीजिए।

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"यह एक भारी दोष है कि जितना कहते हैं उसका चौथाई भी नहीं कर सकते।"



Scanned by CamScanner

2. प्रत्येक ख़ण्ड के प्रश्नों का उत्तर अधिकतम **100** शब्दों में लिखिए। किसी **एक** खण्ड के दोनों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। $5 \times 2 = 10$

**खण्ड – क**

(i) 'गुरु', 'प्रेम' और 'जगत्' के संदर्भ में वर्णित कबीर के भावों को स्पष्ट कीजिए।

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

"जे न मित्र दुख होहिं दुखारी ! तिन्हहिं बिलोकत पातक भारी।"

**खण्ड – ख**

(i) 'हो गई है पीर पर्वत सी' कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए।

(ii) ससंदर्भ आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए :

"मनुष्य और किसी से नहीं
अपने आविष्कार से हारेगा।"

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम **200** शब्दों में हो) : $5 \times 2 = 10$

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ii) प्रयोगवाद की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(iii) प्रगतिवादी कवि दिनकर की साहित्यिक उपलब्धियों का वर्णन कीजिए।

(iv) जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताओं की चर्चा कीजिए।



सरस्वति सरस्वती

Scanned by CamScanner

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ( प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 300 शब्दों में ) : $10 \times 1 = 10$

(i) केरल की बाढ़-विभीषिका पर रिपोर्ताज लिखिए।

(ii) स्वच्छता अभियान के बढ़ते चरण विषय पर अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए।

(iii) विद्यालयों में खेलों की अनिवार्यता संबंधित विषय पर खेल मंत्री को एक आवेदन पत्र लिखिए।

5. (क) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए (कोई **दो**) : $1 \times 2 = 2$

(i) ढाल दो जीवनी रस के उपकरणो में।

(ii) तुम्हारी आलोचना क्या फ्राड नहीं।

(iii) लकड़ी बुरी तरह भूरभूरा गई थी।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को यथानिर्देश बदलकर लिखिए ( कोई **दो** ) : $1 \times 2 = 2$

(i) मैंने अपने मन को काफी नसीहत दी। (मिश्र वाक्य में)

(ii) सुँदर देई उदास होकर बड़े भाई को देखने लगी। (संयुक्त वाक्य में)

(iii) जो कुरसी थी मैं उस पर पॉव लटकाए बैठा था। (सरल वाक्य में)

(ग) यथानिर्देश उत्तर दीजिए : $1 \times 6 = 6$

(i) संधि-विच्छेद कीजिए ( कोई **दो** ) :

कूटोल्लास, अन्तर्भूत, यद्यपि । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) समास विग्रह कीजिए ( कोई **दो** ) :

हिमालय, डॉट-फटकार, चतुर्भुज । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) उपसर्ग तथा मूल शब्द पृथक कीजिए ( कोई **दो** ) :

बदतमीजी, अभिनेतृत्व, नवयुवक । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$





Scanned by CamScanner

(iv) प्रत्यय पृथक कर मूल शब्द लिखिए ( कोई **दो** ) :

तमीजदार, हरामखोर, खामोशी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कोई **दो** कारक चुनिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(a) उसने आँख निकालकर कहा।

(b) कुएँ पर पीपल की कई पुरानी पत्तियाँ बिखरी थीं।

(c) गाड़ी में साँस लेने की जगह न थी।

(vi) किन्हीं **दो** मुहावरों के अर्थ लिखिए :

चेहरा पीला पड़ना, तीर मारना, तूफान आना । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

=============

Scanned by CamScanner